मांग संख्या 18

मुख्य शीर्ष 2230

मद क्रमांक 1

मुख्यमंत्री कोटवार सहायता योजनांतर्गत कोटवार को सायकल एवं सोलर टार्च उपलब्ध कराने ₹ 563.00 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा । इस हेतु आकस्मिकता निधि से ₹ 100 का प्रतीक अग्रिम स्वीकृत किया गया है ।

अतः अग्रिम की प्रतिपूर्ति हेतु ₹ 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद क्रमांक 2

मुख्यमंत्री चरवाहा सहायता योजनांतर्गत राउत, चरवाहा एवं दूध दुहने वालों को रेनकोट, जूता, छाता, कंबल, टार्च प्रदाय किये जाने हेतु ₹ 600.00 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा । इस हेतु आकस्मिकता निधि से ₹ 100 का प्रतीक अग्रिम स्वीकृत किया गया है ।

अतः अग्रिम की प्रतिपूर्ति हेतु ₹ 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद क्रमांक 3

मुख्यमंत्री असंगठित कर्मकार कुकर सहायता योजनांतर्गत पंजीकृत असंगठित घरेलू कामगार, रेजा, महिला सफाई कामगार, दाई का काम करने वाली, नट-नटनी तथा रसोईया महिला कर्मकार परिवार को प्रतिवर्ष 50 हजार कुकर प्रदाय करने हेतु ₹ 500.00 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा । इस हेतु आकस्मिकता निधि से ₹ 100 का प्रतीक अग्रिम स्वीकृत किया गया है ।

अतः अग्रिम की प्रतिपूर्ति हेतु ₹ 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।